राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 263 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए। कार्यकर्ता अभिनंदन करते हुए।

## फास्ट न्यूज

### असम: चार जिलों में 6 माह बढ़ा अफ्स्पा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
असम में रविवार को पुलिस ने बताया कि चार जिलों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम या अफ्स्पा को छह माह और बढ़ा दिया गया है। यहां असम पुलिस दिवस 2023 समारोह में, डीजीपी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'अशांत क्षेत्र' टैग, जो अफ्स्पा को लागू करने की अनुमति देता है, इसे, चार अन्य जिलों से हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज से असम में केवल चार जिलों में अफ्स्पा लागू होगा, जिनमें डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, शिवसागर और चराइदेव शामिल है।
**इन चार जिलों से हटाया अफ्स्पा:** सिंह ने कहा, जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ से 1 अक्टूबर से अफ्स्पा हटा लिया गया है। असम सरकार ने पिछली बार इन आठ जिलों में अफ्स्पा के तहत 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना को 1 अप्रैल से अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया था।
**क्या है अफ्स्पा?**
अफ्स्पा सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और बिना किसी पूर्व वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। इसके अलावा अगर वे किसी की गोली मारकर हत्या कर देते हैं तो बलों को गिरफ्तारी और अभियोजन से छूट मिलती है।

### 'मेघालय-असम सीमा विवाद का जल्द निकलेगा हल'

**गुवाहाटी:** असम और मेघालय के बीच जल्द ही सीमा विवाद सुलझा लिए जाएंगे। सीमा विवाद को सुलझाने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मेघालय के सीएम कोनराड संगमा ने आपस में बैठक की। इस बैठक में छह क्षेत्रों में वास्तविक सीमा रेखाओं को अंतिम रूप देने को लेकर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने इस बैठक को काफी सौहार्दपूर्ण बताया। बैठक के बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें इस बात की जानकारी दी। मेघालय के सीएम संगमा ने कहा कि हमें असम और मेघालय- दोनों राज्यों के लोगों के लोगों को बताते हुए खुशी हो रही है कि काफी लंबी प्रक्रिया के बाद हम वास्तविक स्तंभों और वास्तविक सीमा रेखाओं को अंतिम रूप देने के कगार पर हैं।
असम के मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि आज हमने दोनों राज्यों के बीच चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने के लिए आपस में मुलाकात की। हम दोनों की बातचीत काफी सार्थक रहीं और हमने आज महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

# तेलंगाना में परिवर्तन तय: पीएम

= लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है', महबूबनगर में गरजे पीएम मोदी

**साधा निशाना**

8 हाल के वर्षों में तेलंगाना के लोगों ने लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत किया



**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में रोड शो किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की हुजूम पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए वहां पहुंचा। पीएम मोदी ने सभी का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में तेलंगाना के लोगों ने लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत किया है। आज यहां जो जनसैलाब दिख रहा है, उससे मैं आश्वस्त हूं कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकालकर इस कार्यक्रम में शामिल हों। देश के कोने-कोने में स्वच्छता अभियान चल रहा है, मुझे विश्वास है कि आज शुरू हुए इस अभियान में जबरदस्त भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहां आने से पहले मुझे आज सुबह स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकाल कर इस अभियान में शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा, 'हम अपने अन्नदाताओं को सम्मान दे रहे हैं, उनकी मेहनत का सही मूल्य दे रहे हैं। 2014 में कांग्रेस की सरकार के समय तेलंगाना के किसानों से धान की एमएसपी पर खरीद पर 3400 करोड़ खर्च किए गए थे, लेकिन हमने एक साल में 1 साल में 27 हजार करोड़ रुपए किसानों के लिए खर्च किए हैं। मुझे अफसोस है कि यहां की सरकार ने किसान योजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है। तेलंगाना में सिंचाई परियोजना के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है।
**छठी बार पीएम के कार्यक्रम से केसीआर ने बनाई दूरी:** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। पीएम मोदी के आगमन पर उनका स्वागत भी किया। उनकी जगह राज्य सरकार में मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उनके कार्यक्रमों मे शामिल हुए।

### पीएम ने विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**पीएम** मोदी ने कहा कि आज मुझे तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने का मौका मिला। ये परियोजनाएं तेलंगाना को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेंगी। ये परियोजनाएं तेलंगाना के युवाओं के लिए अवसर पैदा करेंगी।
हैदराबाद (काचेगुडा)- रायचूर-हैदराबाद (काचेगुडा) ट्रेन सेवा का उद्घाटन: इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महबूबनगर में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद (काचेगुडा)- रायचूर-हैदराबाद (काचेगुडा) ट्रेन सेवा का उद्घाटन भी किया।

### 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन का फैसला किया'

**पीएम ने** कहा कि नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर के जरिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में आवाजाही बहुत आसान होने वाली है। इसके कारण इन तीनों राज्यों में व्यापार, टूरिज्म और इंडस्ट्री को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।
**गैस सिलेंडर के दाम भी कम किए:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, अब यह बढ़कर 32 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हाल ही में हमने गैस सिलेंडर के दाम भी कम किए हैं।
पीएम मोदी ने किए दो बड़े एलान
उन्होंने कहा कि आज मैं तेलंगाना की धरती से घोषणा कर रहा हूं कि केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के हित के लिए और उनकी आवश्यकता व भावी संभावनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन का फैसला किया है।
उन्होंने कहा कि आज मैं यहां से एक और घोषणा कर रहा हूं।
भारत सरकार मुलुगु जिले में एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना करने जा रही है। इसका नाम आदिवासी देवियां सम्मक्का-सारक्का के नाम पर रखा जाएगा।

# देश में स्वच्छता के प्रति लोगों में रुचि बढ़ रही: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलवान अं**कित बैयनपुरिया के साथ रविवार को स्वच्छता अभियान में भाग लिया और सेहतमंद एवं खुशहाल रहने पर बातचीत की। उन्होंने एक्स पर इसका एक वीडियो जारी किया है। एक्स पर वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "आज जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया। केवल स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल किया है। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत की भावना के बारे में है।" वीडियो में अंकित के साथ प्रधानमंत्री एक पार्क में सफाई करते हुए देखे जा सकते हैं। इसमें वे अंकित से कहते हैं कि देश में स्वच्छता के प्रति लोगों में रुचि बढ़ रही है। साथ ही वे बताते हैं कि वे दो कामों में अनुशासन नहीं ला पा रहे हैं, एक खाना और दूसरा सोने के लिए समय देना। वे अंकित की प्रशंसा करते हैं कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को फिटनेस के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं अंकित प्रधानमंत्री से कहते हैं कि स्वस्थ वातावरण से हम भी स्वस्थ रहते हैं। वे अपने फोलोअर्स से 75 दिनों की चुनौती में पांच नियमों को अपनाने के लिए कहते हैं। दिन में दो बार शारीरिक अभ्यास, 04 लीटर पानी, 10 पेज किसी किताब को पढ़ना और खान-पान की रुटीन के साथ प्रतिदिन एक सेल्फी लेना।

## 10 लाख तक पत्रकारों की बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान करेगी सरकार: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों के कल्याण के लिए एक और अहम घोषणा करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए 10 लाख रुपये तक बीमा की प्रीमियम राशि का भुगतान अब राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। वर्तमान में केवल 5 लाख रुपये तक की बीमा राशि का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज रोहतक में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) से सम्बद्ध हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा आयोजित द्विवार्षिक अधिवेशन तथा पत्रकारिता का भविष्य एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट को अपने निजी कोष से 11 लाख



रुपये की धनराशि देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों को एलआईसी के माध्यम से 5, 10 व 20 लाख रुपये का बीमा की सुविधा दी गई है। सरकार द्वारा अब तक 5 लाख रुपये के लिए बीमा के प्रीमियम राशि का भुगतान खुद किया जा रहा है तथा भविष्य में 10 लाख रुपये तक बीमा की राशि के प्रीमियम का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इसके अलावा 20 लाख रुपये बीमा की प्रीमियम राशि का 50 प्रतिशत भुगतान सरकार द्वारा किया जायेगा।

## जीएसटी: सितंबर में जीएसटी संग्रह 10 फीसदी बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में स**कल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा। यह 1.62 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले महीने सकल जीएसटी राजस्व 1,62,712 करोड़ रुपये रहा था। एकीकृत जीएसटी 83,623 करोड़ (माल के आयात पर जमा 41,145 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,613 करोड़ (माल के आयात पर जमा 881 करोड़ रुपये सहित) था।

# 'कनाडा में जो हो रहा है, वो सामान्य घटना नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमेरिका** दौरे के अंतिम चरण में शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर कनाडा सरकार को ठोस संदेश दिया कि उसे भारत की भौगोलिक अखंडता के खिलाफ काम करने वाले उग्रवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस मुद्दे पर भारत को सलाह देने वाले देशों की तरफ इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जिस तरह से भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा हुई है और उन्हें धमकी दी गई है, वैसा किसी दूसरे देश के राजनयिकों के साथ होता तो क्या इसी तरह का



रवैया अपनाया जाता। उन्होंने कहा, हमारे मिशन पर बम फेंके गए। वाणिज्य दूतावासों के सामने हिंसा हुई और पोस्टर लगाए गए। क्या आप इसे सामान्य मानते हैं? कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य घटना मत बनाइये। विदेश मंत्री ने कहा,कुछ वर्षों से कनाडा सरकार के साथ हमारी समस्या चल रही है। वर्तमान समस्या वास्तव में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा की अनुमति के इर्द-गिर्द घूमती है। यह अनुमति इस तथ्य से भी झलकती है कि कुछ महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण अनुरोधों का कनाडा की ओर से जवाब नहीं दिया गया है। जयशंकर ने साफ किया कि कनाडा के साथ बातचीत करने की संभावना अभी खत्म नहीं हुई है।

**दो टूक**

8 हमारे मिशन पर बम फेंके गए। वाणिज्य दूतावासों के सामने हिंसा हुई और पोस्टर लगाए गए: विदेश मंत्री

## 209 रुपये बढ़ाए कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तेल** विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 209 रुपये की वृद्धि कर दी है। ये कीमतें रविवार से प्रभावी होंगी। कीमतों में इस वृद्धि से 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर नई दिल्ली में 1,731.50 रुपये का मिलेगा।
**पिछले में 158 रुपये की गई थी कटौती:** एक महीने पहले ही तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कमी की थी जो एक सितंबर से प्रभावी हुई थी। इसके बाद दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,522 रुपये का हो गया था। यही नहीं, अगस्त में केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 200 रुपये की कमी की थी।
बता दें कि वाणिज्यिक और घरेलू



एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों की समीक्षा हर महीने के पहले दिन की जाती है। इससे पहले अगस्त में भी वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कमी की गई थी।
**लगातार दूसरे महीने कीमतों में वृद्धि:** इससे पहले सरकार ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत वर्तमान में 8.60 डॉलर से बढ़ाकर 9.20 डॉलर प्रति मीट्रिक मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया गया है।

## मजबूत सशस्त्र बल भी जरूरी: राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा मंत्री राज**नाथ सिंह ने रविवार को रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 276वें वार्षिक समारोह में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पाद के बाजार को समझना भी आवश्यक है, इसलिए अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को एक स्थायी समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने डीएडी



को रक्षा वित्त का संरक्षक बताया और पारदर्शी एवं कुशल प्रणाली के माध्यम से देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को सराहा।
राजनाथ सिंह ने कई डिजिटल पहल शुरू करने के साथ ही विभाग की दक्षता और कार्यप्रणाली बढ़ाने के लिए भी सुझाव दिए। उन्होंने डीएडी के अधिकारियों से लगातार बदलते समय में उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए अपनी पेशेवर क्षमताओं को विकसित करने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने और अपनाने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

**तारीफ** सूचना के आदान-प्रदान के साथ सटीक जानकारी पहुंचाने में पुलिस दूरसंचार विभाग की बड़ी भूमिका: सीएम

# 'कांवड़ यात्रा के दौरान भी रेडियो पुलिस ने किए नए प्रयोग'


**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिस भी फोर्स के साथ में उनका योग्य प्रशिक्षण-उपकरण व शस्त्र रहा है, वह हमेशा विजेता रहा है। हम सब इतिहास में इन बातों को पढ़ते और देखते रहे हैं। आज के समय में भी यह बातें उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती हैं। संप्रभु संपन्न सरकार व राष्ट्र इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे आधुनिक तकनीक व अत्याधुनिक साधन में पिछड़ने न पाएं। जिस पुलिस फोर्स के लिए आंतरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए



रखने की जिम्मेदारी होती है, उसे पता है कि तकनीक का महत्व क्या हो सकता है। सूचना के आदान-प्रदान के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी लेना व सटीक जानकारी सभी स्थलों पर पहुंचाने में पुलिस दूरसंचार विभाग की बड़ी भूमिका होती है। सीएम योगी ने यह बातें पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित पुलिस दूरसंचार स्थापना दिवस पर कहीं। यहां सबसे पहले सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, फिर मुख्यमंत्री ने जेसी बोस टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया।
सीएम ने पहली से तीन अक्टूबर तक स्थापना दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन 2019 कुंभ प्रयागराज का अवसर हमारी सरकार को प्राप्त हुआ था। यूपी में पहली बार इतना बड़ा आयोजन था। कुंभ का आयोजन हजारों वर्ष से चली आ रही विरासत का हिस्सा है, लेकिन आयोजन भव्य व सुव्यवस्थित-सुरक्षित तरीके से संपन्न हो जाए। यह देश-दुनिया के लिए कौतूहल का विषय था। उप्र वहीं, लेकिन उसी उप्र में पुलिस के कार्य करने का तरीका, व्यवहार व तकनीक अपनाई गई, उसके परिणाम को देश-दुनिया ने देखा। 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज कुंभ में आए।

**अहम भूमिका**

8 संप्रभु संपन्न सरकार व राष्ट्र इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे आधुनिक तकनीक व अत्याधुनिक साधन में पिछड़ने न पाएं



# स्वच्छता के माध्यम भारत को दुनिया ने जाना : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम, हल्द्वानी के स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता की वजह से भारत ने दुनिया के विकसित देशों के बीच की दूरी को कम किया है। जी-20 में उत्तराखंड पहुंचे विदेशी डेलीगेट्स भी स्वच्छता से प्रभावित हुए और विदेशी मेहमानों ने अपने देशों में भारत का ब्रांड एंबेसडर बनकर प्रतिनिधित्व किया है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने लंदन दौरे का अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रिटेन के पर्यटन मंत्री से जब उनकी बातचीत हुई, तब विदेशी मंत्री ने बताया की जी-20 में भारत पहुंचे थे। तब भारत और वहां हुए 200 से भी ज्यादा अलग-अलग कार्यक्रम में पहुंचने पर वहां की स्वच्छता ने बहुत प्रभावित किया। साथ ही लोगों की जागरूकता और भारत सरकार की पहल को भी प्रशंसनीय बताया। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि बापू की जयंती से एक दिन पहले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन निगम का एक अच्छा फैसला है। बाबू के सपनों को जन जन तक पहुंचाने और धरातल पर उतारने के लिए इससे बेहतर जरिया नहीं है।

## धामी ने बीसी खंडूडी को घर जाकर जन्मदिन की दी बधाई



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (से.नि.) भुवन चंद्र खंडूडी का जन्मदिन आज देहरादून स्थित वसंत विहार में उनके निजी आवास पर धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी के वसंत विहार स्थित आवास पर रविवार को जाकर उनको जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ जीवन और दीघार्यु की कामना की।
मुख्यमंत्री धामी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन महामंत्री अजेय कुमार, मंत्री गणेश जोशी सहित कई बड़े नेताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने वसंत विहार स्थित आवास पर पहुंचकर मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूडी को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।
पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर सुबह से ही शुभकामना देने के लिए नेताओं और लोगों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान भुवन चंद्र खंडूडी के पुत्र मनीष खंडूडी भी मौजूद रहे।

# ब्रह्मपुरी के निकट तपोवन में बस और बोलेरो की टक्कर, दो की मौत



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश-बद्रीनाथ मार्ग पर ब्रह्मपुरी के निकट तपोवन से तीन किमी आगे एक बस और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर में बोलेरो में सवार दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए।
मुनी की रेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि रविवार की प्रातः 6:00 बजे हिमगिरी एक्सप्रेस बस संख्या यूके15पीए 0236 जो हरिद्वार से सोनप्रयाग की ओर जा रही थी और बोलेरो वाहन यूके13टीए 0583 जो ऋषिकेश की तरफ आ रही थी। दोनों वाहनों के आमने-सामने की टक्कर हो गई। बोलेरो में कुल 09 लोग सवार थे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई है और सात लोग घायल हो गए। मृतकों के नाम 22 वर्षीय पिंकी दास पुत्री सोतु दास निवासी1/23 दुगार्पुर प्लेन थाना सिप्ला जिला सिप्ला कोलकाता और सोमनाथ पाल निवासी पश्चिम बंगाल बताया गया है। जिन्हें 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।२
घायलों में 15 वर्षीय सिया दास पुत्री सोतु दास, 42 वर्षीय सोतु दास पुत्र तपन दास निवासी उपरोक्त ,40 वर्षीय सोमदास पत्नी शांतिदास निवासी जिला सिप्ला कोलकाता, शोभित शाह निवासी पश्चिम बंगाल, शोभित दत्ता निवासी पश्चिम बंगाल, अभिषेक पांडे निवासी मध्य प्रदेश बाल निवासी सेक्टर 63 गुड़गांव, लक्ष्मण पुत्र बेनी निवासी रुद्रप्रयाग (ड्राइवर) बताया गया है, को अपने कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री धामी ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान में किया प्रतिभाग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री आज हल्द्वानी पहुंचे और शहीद पार्क में स्वच्छता पखवाड़े के तहत कचरा मुक्त अभियान की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मेयर डॉ जोगेंद्र पाल रौतेला सहित कई पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।
इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करते हुए पार्क में सफाई भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरे देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया था, जिसे हम सभी लोग मिलकर पूरा करेंगे। स्वच्छ भारत के अंतर्गत सरकार कई योजनाएं चला रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और यहां के लोग भी उन्हें अपना मानते हैं और इस बार भी उनके कार्यक्रम से उत्तराखंड को बड़ी सौगात मिलेगी।

### नशे की दवाओं के दो कारोबारी गुजराती युवक गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पार्सल के जरिए नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले गुजरात के दो युवकों को सिडकुल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जांच कर रही है।
गिरफ्तार युवकों भारत पुखराज और परेश जैन ने पूछताछ में बताया कि वे अलग अलग शहरों में जाकर 4 झ 5 दिन होटल में रहकर आसपास के किसी मेडिकल स्टोर का नाम पता लिखकर उसके नाम से अपना मोबाइल नम्बर देकर पार्सल से ड्रग्स मंगाते हैं और पार्सल मेडिकल स्टोर पर जाने से पहले ही अपने आप ले लेते हैं । दोनों 5 दिन पहले हरिद्वार में आये और शिवालिक नगर में एक होटल में रूम लेकर रह रहे थे। शिवालिक नगर में ही मेडिकल स्टोर का एड्रेस लिया और उसी एड्रेस पर अपना मोबाइल नम्बर देकर 03 पार्सल मंगवाए। पुलिस कप्तान के पीआरओ विपिन पाठक ने बताया कि दोनों सिडकुल क्षेत्र में उसे बेचने आये थे, तभी सिडकुल पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान इन्हें पकड़ लिया गया। जब पुलिस ने पार्सल को चेक किया तो पार्सल के अन्दर से भारी मात्रा में प्रतिबन्धित ड्रग्स बरामद हुईं। मौके पर ड्रग्स निरीक्षक को बुलाया गया और उन्होंने इन्वेन्ट्री तैयार की। थाना सिडकुल पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपितों के पास से काफी संख्या में संदिग्ध मोबाइल फोन, सिम कार्ड एवं एटीएम कार्ड आदि बरामद हुए हैं, जिनके सम्बन्ध में छानबीन की जा रही है।
गिरफ्तार युवकों 34 वर्षीय भारत पुखराज पुत्र पुखराज चौधरी निवासी फ्लैट नम्बर 105 सर्पलोक बिल्डिंग स्वराज जी कम्पाउण्ड जिला अहमदाबाद गुजरात और 42 वर्षीय परेश जैन पुत्र पारसमल जैन निवासी वलसाड गुजरात को जेल भेज दिया गया है।

## गांधी जयंती पर केंद्रीय संचार ब्यूरो का माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय, देहरादून 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक रुड़की के वासुदेव लाल मैथिल सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत चित्र प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
विभाग की सहायक निदेशक डॉक्टर संतोष आशीष ने बताया कि यह चित्र प्रदर्शनी मेरी माटी मेरा देशझ्रमिट्टी को नमन, वीरों का वंदन पर आधारित है। इसके तहत उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना है, जिन्होंने अपना जीवन इस देश के लिए




बलिदान किया। इस योजना के तहत सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में देशभर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
चित्र प्रदर्शनी के जरिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के साथ महात्मा गांधी की जीवनी को भी दशार्या जाएगा। उत्तराखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को भी इस चित्र प्रदर्शनी में संकलित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ

## मंत्री, सांसद, मेयर ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का लिया संकल्प

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा सहित सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर गांधी पार्क में रविवार को श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का संकल्प लिया।
इस मौके पर मंत्री मंत्री डॉ. प्रेम चंद अग्रवाल ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने की अपील की। साथ ही लोगों से अपने आसपास के परिवेश में स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों के भीतर पिछले साढ़े नौ वर्षों में स्वच्छता के प्रति एक अलख जगी है। हमारे राज्य में भी स्वच्छता को लेकर अनेक



अभियान निकाय स्तर पर चलाये जा रहे हैं। यही कारण है कि उत्तराखंड को इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में छह पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।
उन्होंने कहा कि पूरे देश में महात्मा गांधी की जयंती के एक दिन पूर्व एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। हमें संकल्प लेना होगा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे। कूड़ा को सार्वजनिक स्थलों पर नहीं फेंकेंगे। साथ ही कूड़ा दिखने पर उसे कूड़ादान पर डालेंगे।मंत्री ने निगम की टीम को मुख्य मार्गों सहित पार्कों और सार्वजनिक जगहों में सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा।
इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा विनोद सुयाल, शहरी विकास निदेशालय के निदेशक नितिन भदौरिया, अपर निदेशक अशोक पांडेय, नगर आयुक्त मनुज गोयल, विनोद कुमार सहित नुक्कड़ नाटक की टीम व सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बीएचईएल में सफाई कार्यक्रम का आयोजन

**अभियान**

8 जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल और स्वामी शरद पुरी ने भी इस अभियान में प्रतिभागिता की



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीएचईएल हरिद्वार में ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व अभियान के अंतर्गत, आज उपनगरी स्थित गांधी पार्क में एक सफाई कार्यक्रम हुआ । बीएचईएल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त, प्रशासनिक अधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने, इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। हरिद्वार के जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल और शिवडेल स्कूल के अध्यक्ष स्वामी शरद पुरी ने भी इस अभियान में प्रतिभागिता की। सफाई अभियान के दौरान पार्क में उगी झाड़ियों को ब्रश कटर आदि के माध्यम से साफ किया गया। प्लास्टिक कचरे आदि को भी एकत्र कर हटाया गया।

## पोषण मेले में हुई 10 महिलाओं की गोद भराई

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
बाल विकास परियोजना की ओर से गौलापार में पोषण मेले का आयोजन किया गया। इसमें 10 महिलाओं की गोद भराई और 5 बच्चों को महालक्ष्मी किट व ड्राइंग किट भेंट की गई।
मेले का शुभारंभ प्रधान चित्रा बिष्ट व बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने किया। अभियान के तहत लोगों को जानकारी देने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कुमाउंनी भाषा में लोगों को गीतों के माध्यम से संतुलित आहार, एनीमिया स्वच्छता आदि के प्रति जागरूक व पोषण से संबंधित जानकारी दी।

## राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर पत्रकार और उनके स्वजनों ने किया रक्तदान



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर ऋषिकेश प्रेस क्लब की ओर से रक्तदान शिविर में 15 पत्रकारों और उनके स्वजनों ने जरूरतमंदों की मदद के लिए स्वच्छ रक्तदान किया। रविवार को राष्ट्रीय शैक्षिक रक्तदान दिवस पर एसपीएस राजकीय चिकित्सालय के रक्त कोष में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. पीके चंदोला, रक्त कोष प्रभारी डा. मुकेश पांडेय, ऋषिकेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष आशीष डोभाल, महासचिव दुर्गा नौटियाल, संरक्षक अनिल शर्मा, हरीश तिवारी व विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया।
शिविर में कुल 30 व्यक्तियों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। इसमें से 15 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इनमें मानवेंद्र पटवाल, साक्षी गैरोला, अरविंद जोशी, नरेंद्र, धीरज सिंह रावत, राहुल कुमार, राजू शर्मा, गणेश सिंह राणा, जगबीर सिंह, राजेश शर्मा, धीरज कुमार, नरेंद्र कंडारी आदि ने रक्तदान किया।
इस अवसर पर वरिष्ठ पर पत्रकार प्रबोध उनियाल, आलोक पंवार, गणेश रयाल, रणवीर सिंह, विनय पांडे, मनोज राणा, मुनीश रयाल, अमित कंडियाल, रेखा भंडारी, मनोज रौतेला आदि उपस्थित थे।

## मदमहेश्वर ट्रैक से लापता ट्रैकर को एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

**देहरादून/रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
एसडीआरएफ ने रुद्रप्रयाग जिले के मदमहेश्वर ट्रैक पर पिछले चार दिन से लापता ट्रैकर राजीव विश्वास को सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। विश्वास हुगली जिले के (पश्चिम बंगाल) रहने वाले हैं। रुद्रप्रयाग जिला नियंत्रण कक्ष से 28 सितंबर को एसडीआरएफ को उनके लापता होने की सूचना मिली थी।
एसडीआरएफ और फॉरेस्ट की टीम ने मदमहेश्वर ट्रैक पर लगभग नौ किलोमीटर पैदल



ट्रैक पर खोजबीन की। कल रात उन्हें गोंडार गांव के स्थानीय निवासियों के संयुक्त प्रयास से खोज लिया गया। विश्वास का कहना है कि वह अपने 11 सदस्यी दल के साथ यहां ट्रैकिंग के लिए आया था। वापसी में शॉर्टकट रास्ता लेने के कारण नानू नामक स्थान पर नदी किनारे फंस गया। पैर में चोट लगने के कारण वहां से नहीं निकल पाया। गोंडार गांव में उनका प्राथमिक उपचार किया गया है। आज प्रातः उन्हें रांसी मुख्य मार्ग पहुंचाकर उनके ग्रुप को सौंपा जाएगा।

# भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान, लोकसभा चुनाव में जुटी

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा पूरी तरह से चुनावी मूड में आ गई है। प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने और शतप्रतिशत सत्यापन के कार्य तेजी से किया जा रहा है।
उत्तरकाशी जनपद में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी वृहत स्तर पर बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया गया। इधर भागीरथी मण्डल ने भी मुस्टिकसौंड़ ,गाणेपुर शक्ति केन्द्र में बैठक कर पदाधिकारियों व सदस्यों का सरल एप पर सत्यापन कार्य किया।
भागीरथी मण्डल के अध्यक्ष चन्दन सिंह राणा और जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता सेमवाल की अध्यक्षता में मण्डल प्रवासी के



रूप में नियुक्त पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती सुधा गुप्ता द्वारा पदाधिकारियों, सदस्यों व कार्यकताओं का सरल एप पर सत्यापन, डाटा अपडेट का कार्य किया। महामंत्री भागीरथी मण्डल अभिषेक जगूड़ी ने सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को उक्त कामकाजी व सत्यापन बैठक के बारे में जानकारी दी और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकताओं ने अभी से कमर कस ली है।
इस के लिए प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने व शत प्रतिशत सत्यापन के कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के जागरूक होने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।
बैठक में दलवीर चौहान, महिपाल महर, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि सिंह गुसाईं, मुस्टिकसौंड़ शक्तिकेन्द्र संयोजक गोपाल गुसाईं, मानपुर शक्तिकेन्द्र संयोजक गुलाब सिंह राणा मोहन सिंह राणा, शूरवीर पंवार, शैलेन्द्र सिंह, जगपाल गुसाई, राजपाल गुसाईं, केदार सिंह राणा, सावित्री मखलोगा, सरिता नौटियाल, संतोषी राणा, सुरेन्द्र प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला फर्जी डीएम गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
निहार कर्णवाल निवासी खन्नानगर ने खुद को डीएम बताकर पहले पीडब्ल्यूडी में निरीक्षण अधिकारी और फिर एसडीएम के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की। उसके कारनामे हैरान करने वाले हैं।
खुद को जिलाधिकारी तो कभी समीक्षा अधिकारी बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को ज्वालापुर और रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी उसके तीन साथी फरार हैं। आरोपी गैंग बनाकर नौकरी का झांसा देकर लोगों से रकम ठग रहा था। एक अन्य युवती को भी शादी का झांसा देकर नौकरी लगाने के नाम प्लॉट और कार हड़प ली थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**पैसे वापस मांगे तो हत्या की धमकी दी**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि 21 सितंबर को ज्वालापुर कोतवाली में चेतना अरोड़ा निवासी खन्ना नगर ने मुकदमा दर्ज कराया था। निहार कर्णवाल निवासी खन्नानगर ने उसे खुद को डीएम बताकर पहले पीडब्ल्यूडी में निरीक्षण अधिकारी और फिर एसडीएम के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की थी।
खुद को ऊधमसिंहनगर का डीएम बताकर एसडीएम के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 70 लाख मांगे थे। फिर असमर्थता जताने पर उसने झांसा दिया। अपने साथी मैमकिला व निशांत कुमार गुप्ता व अन्य के साथ मिलकर चेतना के भाई का मकान 70 लाख में खरीदने के लिए कहा। 30 अगस्त को रजिस्ट्री ऑफिस में लिखा-पढ़ी कर मकान हड़प लिया। करीब 70 लाख की धोखाधड़ी होने पर जब पैसे वापस मांगे तो हत्या की धमकी दी।

# रक्तदान मानवता के लिए सबसे बड़ा दान : राज्यपाल गुरमीत सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि विकास संस्थान के रक्तदान शिविर का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने रविवार को रेस कोर्स देहरादून में किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे लोगों से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।



रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाबड़ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया। इसके अलावा देवभूमि विकास संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित रक्तदान शिविरों में सहयोग करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे बड़ा दान है। व्यक्ति के जीवित रहते हुए रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान करना सबसे पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से व्यक्ति को आत्म संतुष्टि भी मिलती है। अपने रक्त को दान कर दूसरों की जिंदगी में खुशहाली लाना सबसे बड़ी आत्म संतुष्टि होती है।

राज्यपाल ने कहा कि आज इस शिविर में कई लोग रक्तदान कर रहे हैं वे अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने 100 से भी अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने देवभूमि विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान अन्य सामाजिक कार्यों वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा से महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत वर्तमान तक 726 रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। 02 लाख 28 हजार लोगों ने ई-रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण किया है जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 52 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 60 लाख 50 हजार लोगों की आभा आई-डी बनायी जा चुकी है।

## स्वच्छ भारत एक साझी जिम्मेदारी: रेखा आर्या

भागीदारी

8 आर्या ने स्वच्छता सेवा अभियान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान में भागीदारी की



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने स्वच्छता सेवा अभियान कार्यक्रम के तहत टपकेश्वर महादेव मंदिर (देहरादून) में स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। उन्होंने कहा कि भाजपा के चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान एक मुख्य कार्यक्रम है। रविवार को प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता और देश की जनता स्वच्छता कार्यक्रम में योगदान दे रही है। हमारे कार्यकर्ता देश भर में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर रहे हैं। इसे एक जनांदोलन बनाते हुए जन-जागरण का कार्य कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता देश भर में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर रहे हैं और इसे एक जनांदोलन बनाते हुए जन-जागरण का कार्य कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे हम एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आगे आएंगे।

स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास अहमियत रखता है। स्वच्छ भविष्य की शुरूआत के लिए इस उत्कृष्ट प्रयास में शामिल हों।

इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से अपनी गली, मोहल्ले या किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया था, जिसके तहत हम सब देश को स्वच्छ बनाने की और अग्रसर है।

इस दौरान सचिव हरि चंद्र सेमवाल, उप निदेशक विक्रम सिंह, मोहित चौधरी, जितेंद्र कुमार एवं मंदिर समिति के पुजारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध करना क्यों जरूरी है?

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**हिंदू धर्म में हर** साल 16 दिन का पितृ पक्ष यानि श्राद्ध का समय आता है जिसमें हम अपने पूर्वजों, या पितरों को श्रद्धांजलि और सम्मान देते हैं. संस्कृत में पितृ का मतलब पूर्वज या पितर होता है, और पक्ष का अर्थ समय या अवधि होता है. वैदिक ज्योतिष के मुताबिक, जब सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करता है तो पितृ पक्ष यानि श्राद्ध की शुरूआत होती है. इस अवधि को पवित्र माना जाता है और उस दौरान हम अपने पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करते हैं. । आचार्य सदानन्द सेमवाल बताया कि 15 दिन होते हैं या 16 दिन के होते हैं पितृ पक्ष?

हिंदू पंचांग की 16 तिथियों में ही इंसान की मृत्यु होती है और जब हम पितरों का श्राद्ध करते हैं तो उनकी मृत्यु तिथि के मुताबिक ही करते हैं. इसलिए पितृ पक्ष केवल 16 दिन के होते हैं हालांकि कभी यह 15 दिन भी हो जाते हैं लेकिन बढ़ते नहीं हैं.

**पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध करना क्यों जरूरी है?**

अगर पितृ पक्ष के दौरान पड़ने वाली आश्विन अमावस्या के दिन आप श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं तो आपके पितर नाराज हो सकते हैं. वहीं पुराणों में कहा गया है कि देवताओं की पूजा से पहले आपको अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए

क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इससे देवता यानि भगवान भी खुश हो जाते हैं. इसलिए आश्विन अमावस्या के दिन सभी को तर्पण करके अपने पितरों को याद करना चाहिए और ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन और दक्षिणा देनी चाहिए.

## राज्य के प्रगति की विरोधी है कांग्रेस : महेन्द्र भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस विकास के प्रबंधन पर प्रश्न खड़ा कर इस प्रदेश की जनता का अपमान कर रही है। जनता ने भाजपा को विकास के लिए चुना है और भारतीय जनता पार्टी विकास को तीव्र गति दे रही है।रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में करन माहरा के इन्वेस्टर सम्मिट पर उठाए गए सवाल और दुष्प्रचार पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए जो प्रयास हो रहे हैं, कांग्रेस उसे पचा नही पा रही है। अगर कोई उद्यमी राज्य में इन्वेस्टमेंट करना चाहता है वो कहीं भी मिलना चाहता और एमओयू करना चाहता हो, हमारे मुख्यमंत्री वहां जाएंगे।

## शतायु मतदाताओं का वरिष्ठ नागरिक दिवस पर हुआ सम्मान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शतायु मतदाताओं के सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर रायपुर के सौ वर्षीय मतदाता विजय सिंह, विजय पार्क निवासी 102 वर्षीय सावित्री डोरा को बीएलओ ने उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया।

रविवार को भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शतायु वर्ग के मतदाताओं की निर्वाचन में सहभागिता के दृष्टिगत 01 अक्टूबर 2023 को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने 19-रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत 144 लाडपुर चक रायपुर मतदान केन्द्र के 100 वर्षीय मतदाता विजयसिंह पुत्र कल्याण सिंह को उनके घर पर जाकर पुष्पगुच्छ भेंट एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर तहसीलदार देहरादून शादाब खान, बीएलओ रेखा रावत, बीएलओ सुपरवाइजर नीमा बड़ोनी और प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून उपस्थित थे।




सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून व तहसील सदर के स्टाफ ने विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर कैण्ट के अर्न्तगत मतदान केन्द्र विजयपार्क की 102 वर्षीय सावित्री डोरा पत्नी श्यामलाल डोरा को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बीएलओ संगीता भट्ट, बीएलओ सुपरवाईजर संजय चौहान भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शतायु वर्ष के 2 अन्य मतदाता भी चिन्हित किए गये थे जो वर्तमान में निवास पर नहीं हैं। इसके कारण उनका सम्मान नहीं हो पाया।

## न्यूज फ्लैश

### जीवन एक रंगमंच, सभी निभाते हैं अपना-अपना किरदार :भारती

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की शाखा, 70 इंदिरा गांधी मार्ग, (सत्यशील गैस गोदाम के सामने) निरंजनपुर के द्वारा आज आश्रम प्रांगण में दिव्य सत्संग-प्रवचनों एवं मधुर भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सद्गुरू श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या तथा देहरादून आश्रम की प्रचारिका साध्वी विदुषी जाह्नवी भारती जी ने उपस्थित भक्तजनों को मानव जीवन की विकट और संघर्षशील स्थित पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन एक प्रकार का रंगमंच ही तो है जिसमें सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होती है। कोई जीवन की बाजी जीतकर तो कोई अपनी भूमिका में विफल होकर संसार से कूच कर जाता है। अनेक पात्रों को जीते हुए मनुष्य अपने परम लक्ष्य के प्रति यदि जागरूक नहीं हुआ तो समूचा जीवन ही व्यर्थ चला जाता है। यदि शाश्वत ईश्वरीय मार्ग प्राप्त हो जाए, संत-सदगुरु के कृपाहस्त तले सनातन ब्रह्मज्ञान के द्वारा भक्ति मार्ग की प्राप्ति हो जाए तो इसी में मनुष्य जीवन का परम कल्याण है। मानव के समक्ष दो मार्ग हुआ करते हैं एक प्रेय मार्ग होता है जिस पर कि चलने पर शुरूआत में सुख और साधन प्राप्त होते जाते हैं किन्तु अंत में इस मार्ग का पटाक्षेप अत्यंत दुख भरा हुआ करता है, जब कि दूसरा मार्ग श्रेय मार्ग है यह प्रारम्भ में तो काफी दुष्कर और विषमताओं, संघर्षों से परिपूर्ण होता है लेकिन अंततः इसका समापन असीम शांति और आनन्द में हुआ करता है।

### एमसी स्क्वायर ने एक और हरियाणवी हिप हॉप मास्टरपीस- माशूका लॉन्च किया

**देहरादून।** मशहूर हरियाणवी हिप हॉप सेनसेशन एमसी स्क्वायर अपने लेटेस्ट रिलीज माशूका के साथ एक बार फिर संगीत जगत में धूम मचाने के लिए वापस आ गए है। हरियाणा के लोक संगीत, विशेष रूप से रागनी, में अपनी जड़ों के प्रति सच्चे रहते हुए, एमसी स्क्वायर इस पारंपरिक शैली में एक कंटेम्परेरी ट्विस्ट दिया है, जो कि इसे म्यूजिकल मास्टरपीस बनता है। ये दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है, यह एक ऐसा मिश्रण है जो कल्चरल बाउंड्री को पार करने के लिए तैयार है। माशूका एक म्यूजिकल जर्नी है जो एकतरफा प्यार की एक सम्मोहक स्टोरी को बयां करती है, जहां एक युवक अपनी प्रेमिका का प्यार जीतने के लिए अपना दिल खोल देता है। एमसी स्क्वायर के हार्ट हीटिंग रैप के बोल एक शानदार कहानी बयां करते हैं, जिसमें वह अपनी प्रेमिका का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करने और प्यार की तलाश में अपनी कार में अनगिनत घंटे बिताने के संघर्ष को व्यक्त करता है। हरियाणवी और हिप हॉप एलिमेंट्स के अपने सिग्नेचर ब्लेंड के साथ, एमसी स्क्वायर एक ऐसा ट्रैक पेश किया है है जो न केवल भावनात्मक रूप से गूंजता है बल्कि बेहद आकर्षक भी है। माशूका एक चार्ट-टॉपिंग हिट बनने की ओर अग्रसर है जो ट्रेडिशनल और मॉर्डननिटी के बीच की खाई को पाटता है, जो सीमाओं से परे संगीत तैयार करने के लिए एमसी स्क्वायर की बेजोड़ प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

## स्वच्छता ही सेवा एक विश्व स्तरीय अभियान : विजयपाल ग्रीनमैन बघेल

आह्वान

8 श्रीमती विनिता गोनियाल ने आह्वान किया कि सभी स्वच्छता के प्रति सजग रहें और उसके लिए समय दें।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएमजेएन महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के पूर्व दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इनरव्हील क्लब, हरिद्वार नागरिक मंच और कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टाफ ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

इस अवसर पर विजयपाल बघेल, ग्रीनमैन आफ इंडिया ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा एक विश्वस्तरीय अभियान है, जिसको देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक जनांदोलन का स्वरूप दिया है। हरिद्वार नागरिक मंच के संरक्षक जगदीश लाल पाहवा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का स्वच्छता का संदेश पुरी दुनिया में मिसाल बन चुका है।

इनरव्हील क्लब, हरिद्वार की अध्यक्षा श्रीमती विनिता गोनियाल ने आह्वान किया कि सभी स्वच्छता के प्रति सजग रहें और उसके लिए समय दें। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए कहा कि छात्र ही राष्ट्र का आगामी भविष्य हैं एवं उन्हें मात्र भौतिक एवं सामाजिक स्वच्छता ही नहीं, अपितु मानसिक स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। मुख्य छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संजय महेश्वरी, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. सुषमा नयाल, हरिद्वार नागरिक मंच के जोगिन्दर तनेजा, इनरव्हील क्लब की मोनिका अरोड़ा, इतिश्री, मंजू वत्स, विनिता गोनियाल, रुचिता सक्सेना, महाविद्यालय के प्रो. तेजवीर सिंह तोमर, डॉ. नलिनी जैन, साक्षी गुप्ता, डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. पल्लवी राणा, दीपिका आनन्द, डॉ. सुगन्धा वर्मा आदि ने सफाई अभियान में भाग लिया।

## डीसीडीसीयू बोर्ड इलेवन ने उत्तराखंड को 131 का दिया लक्ष्य

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डिपार्टमेंट क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी उत्तराखंड के आयोजित प्रथम ऑल इंडिया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन प्रथम मैच आर्यन छेत्री क्रिकेट अकादमी में डीसीडीयू बोर्ड इलेवन और हिमाचल सिविल सर्विसेज के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम हिमाचल सिविल सर्विसेज ने डीसीडीसीयू बोर्ड इलेवन उत्तराखंड को 131 रनो का लक्ष्य दिया, जिसे 9 विकेट के नुकसान पर टीम डीसीडीसीयू बोर्ड इलेवन उत्तराखंड ने रोमांचक मैच में 18वें ओवर में जीत प्राप्त कर लिया।

## भारतीय उद्योगों के लिए अपने स्केल और साइज दोनों को बदलने का यही सही समय है : अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118 वें वार्षिक सत्र में ह्यउभरता भारत यही समय है, सही समय हैह्न विषय पर अपने संबोधन में देश के 75 सालों के लोकतांत्रिक सफर और पिछले 9 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। शाह ने कहा कि, ह्यभारतीय उद्योगों के लिए अपने स्केल और साइज दोनों को बदलने का यही सही समय है।

संकल्प से सिद्धि के इस सफर में शाह का स्पष्ट मानना है कि जब देश आजादी की शताब्दी मना रहा होगा उस वक्त हर क्षेत्र में भारत सबसे आगे होगा, क्योंकि सबसे ज्यादा युवा, सबसे ज्यादा आबादी वाला देश, सबसे ज्यादा डॉक्टर, इंजीनियर और टेक्नोक्रैट्स भारत में हैं। अगर साल 2014 के बाद के भारत को देखा जाए तो पता चलता है कि मोदी-शाह की जोड़ी ने अपने हर वादे को निभाया। यही कारण है कि साल 2014 में हम विश्व की 11वीं नंबर की अर्थव्यवस्था थे और साल 2023 में दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं। इतना ही नहीं, साल 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2013-14 में देश में 4 यूनिकॉर्न स्टार्टअप और 350 स्टार्टअप थे, आज 115 यूनिकॉर्न और 1 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया के प्रमुख देशों में से एक है। एक दौर था जब मेक इन इंडिया कार्यक्रम का मजाक उड़ाया जाता था, आज भारत उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ रहा है। देश के अंदर 14 सेक्टर में पीएलआई स्कीम ने मेक इन इंडिया के स्वप्न को साकार किया है। आज पूरे विश्व में भारत को वाइब्रेंट स्पॉट के रूप में जाना जाता है।

## सहकारी संघों के बीच अनुबंध से पर्वतीय किसानों की आर्थिकी बढ़ेगी : डॉ धन सिंह रावत



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रविवार को कहा कि कृषि विपणन और प्रसंस्करण सहकारी संघ ऑफ इंडिया और उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के बीच एमओयू से उत्तराखंड के किसानों की उन्नति होगी।

डॉ. रावत ने आज अपने शासकीय आवास यमुना कॉलोनी, देहरादून में कृषि विपणन और प्रसंस्करण सहकारी संघ ऑफ इंडिया और उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद यह बात कही। एमओयू में कृषि विपणन और प्रसंस्करण सहकारी संघ ऑफ इंडिया एमडी जसकरण सिंह, उत्तराखंड सहकारी संघ की एमडी रमिन्द्री मंद्रवाल के बीच हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर चेयरमैन गुरु प्रताप सिंह चेयरमैन यूसीएफ मातबर सिंह रावत मौजूद रहे।

सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि इससे राज्य और राष्ट्र के कृषि, उद्यानिकी और जैविक उत्पादों के विपणन और प्रसंस्करण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए स्थायित्व के साथ-साथ राज्य की खरीद और आपूर्ति को बढ़ाने में करने में मदद करेगा। यह सहकारी क्षेत्र को मजबूत, प्रभावी और सुगम बनाने की संकल्पना को प्रकट करता है, जो अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं की विकास नीतियों को बढ़ावा देगा।

मंत्री ने कहा कि यहां के किसान जो जैविक उत्पादन कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। उत्तराखंड सहकारी संघ पहले से ही किसानों से डायरेक्ट मिलेट्स खरीद रहा है। अब हर प्रकार की जैविक चीज उत्तराखंड सहकारी संघ, कृषि विपणन और पर संस्करण सहकारी संघ ऑफ इंडिया के साथ मिलकर खरीदेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारी संघ मार्केटिंग भी करेगा और जैविक खेती को बढ़ाने के लिए किसानों, कर्मचारियों को ट्रेनिंग भी देगा।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इन्वेस्टर समिट पर साधा निशाना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मानना है कि पुष्कर सिंह धामी की इन्वेस्टर समिट त्रिवेंद्र सिंह रावत के इन्वेस्टर समिट की कापी है।

रविवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि त्रिवेंद्र सरकार की तरह धामी सरकार भी दिसंबर में जिस प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट को लेकर बड़े बड़े दावे कर रही है, वह हूबहू त्रिवेंद्र रावत की कॉपी पेस्ट है।




माहरा ने कहा कि त्रिवेंद्र रावत ने भी 2018 के इन्वेस्टर समिट को रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला और रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने वाला बताया था। वही सब बातें अब धामी जी भी बोल रहे हैं। त्रिवेंद्र रावत के इन्वेस्टर समिट के समय पर भी कर्टेन रेजर में 74000 करोड़ प्रस्तावित निवेश की बात कही गई थी और और इन्वेस्टर समिट की समाप्ति तक एक लाख चालीस हजार करोड़ के एमओयू साइन होने की बात कही गई। उन्होंने कहा की धामी भी इन्वेस्टर समिट से पहले 12500 करोड़ के प्रस्तावित निवेश आने की बात कर रहे हैं। जो लोग ढाई लाख करोड़ का निवेश प्रदेश में लाने की बात कर रहे थे, वह ऊंट के मुंह में जीरा जैसा प्रस्ताव पर ही खुश दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने लंदन में हुए तीन दिवसीय दौरे के दौरान बताए जा रहे इन्वेस्टमेंट पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि जिस उषा कंपनी के साथ एमओयू साइन किया गया, वह गाजियाबाद स्थित कंपनी है। उसका इन्वेस्टमेंट लंदन से दिखाए जाने की क्या जरूरत थी। जब उषा के साथ एमओयू भारत में ही हो सकता था। इन्वेस्टर लाने और लुभाने के लिए राज्य के हालात बेहतर होने चाहिए, जो वर्तमान में बदहाल स्थिति में है।

माहरा ने कहा कि निवेश करने वाला राज्य की कानून व्यवस्था, बिजली ,पानी ,सड़क इत्यादि सभी बातों पर गौर करने के उपरांत ही किसी राज्य में निवेश करता है। उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा कि अक्टूबर 2022 में राज्य की बेरोजगारी दर 4.01 फीसद थी जो कि आज लगभग दोगुनी होकर सितंबर 2023 में 7.8 प्रतिशत हो चुकी है। उत्तराखंड की इंडस्ट्रीज की वेबसाइट के अनुसार 2014 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा उद्योग या निवेश नहीं आ पाया है। ऐसे में धामी सरकार सिर्फ जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। 2018 में हुए इन्वेस्टर समिट के आकड़े सरकार को बताने चाहिए कि कितनी कंपनी आईं और कितनी अभी तक बंद हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि मैकेंजी ग्रुप के साथ धामी सरकार ने 100 करोड़ का अनुबंध किया था, जिस पर प्रतिदिन के हिसाब से ढाई लाख रुपया सरकार खर्च कर रही है और दावा किया गया था की 2 साल के अंदर मैकेंजी ग्रुप प्रदेश की जीडीपी को दोगुना कर देगा और भारी कर्ज में डूबे हुए उत्तराखंड प्रदेश को उबारने का काम करेगा, लेकिन आज 9 महीने बीत जाने के बाद भी मैकेंजी ग्रुप का कोई काम दिखाई नहीं पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैकेनिजी ग्रुप को लेकर कई चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं।

## संपादकीय

# बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंतन

**वैश्विक** स्तरपर बढ़ते प्रौद्योगिकी, तकनीकी और डिजिटलाइजेशन के चलते जहां एक और दुनियां को बहुत लाभ मिले हैं तो इसके कुछ दुष्टपरिणाम भी हुए हैं। मसलन आर्थिक अपराधों में वृद्धि, ऑनलाइन गड़बड़ियां,डाटा चोरी सहित सबसे अधिक दूषित बढ़ती पोर्नोग्राफी की क्लिप व फिल्मों के आसानी से अनेक एप्स के द्वारा मोबाइल फोन पर उपलब्धि से यौन शोषण के मामलों में वृद्धि होनें को रेखांकित करना जरूरी है। जैसा कि हम देख रहे हैं आज छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइलें आ गई है और वह किस तरह के प्रोग्राम, क्लिप देखते हैं हम अंदाज नहीं लगा सकते। बस!! यही से हमें दुष्परिणाम मिलने शुरू हो जाते हैं। हालांकि सरकार ने इसकी सुरक्षा में संशोधित यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पास्को) अधिनियम 2012 बनाया है जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध,रेप की श्रेणी में आता है।पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आपसी सहमति से यौन संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र अभी 18 साल है। यानि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध को रेप ही माना जाता है। इसके चलते किशोरवय रिश्तों से पनपे यौन सम्बंध भी अपराध के दायरे में आ जाते है। विभिन्न हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट इसपर अपनी चिंता जाहिर करचुके हैं। नवंबर 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लॉ कमीशन से इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया था, इसी तरह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी कहा था। उधर 2021 में संसदीय समिति ने भी उम्र 18 से घटकर 16 करने की सिफारिश की थी, जिसका मामला विधि आयोग को सोपा गया था, जिसने 27 सितंबर 2023 को अपनीं 283 वीं रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंप दी, जिसमें पोक्सो एक्ट के तहत अपनी सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 18 से घटकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। चूंकि यह मामला बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंता का है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम 2012 में सबूत के अभाव व नाबालिक अपराधी की आड़ में छुटने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम विधि आयोग की 283 वीं रिपोर्टकी करें तो, लॉ कमीशन पॉक्सो एक्ट के तहत आपसी सहमति से यौन सम्बंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। सरकार को सौंपी अपनी 283 वीं रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि आपसी सहमति की उम्र को 18 से घटा कर 16 करने के दुष्परिणाम होंगे, इसका असर बाल विवाह और बच्चों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान पर पड़ेगा। आयोग का कहना है कि ऐसे दौर में जब बच्चों के खिलाफ साइबर स्पेस में यौन अपराध और फुसलाकर अपराध की घटनाएं बढ़ रही ऐसी किसी भी कोशिश के गंभीर परिणाम होंगे।आपसी सहमति के मामलों में पॉक्सो एक्ट मेंसंसोधन का सुझाव हालांकि आयोग ने ऐसे केस में जहां पीड़ित 16 या उससे अधिक उम्र की हो और यौन सम्बन्धों के लिए लड़की की मूक सहमति है, पॉक्सो एक्ट में संसोधन के लिए विशेष सुझाव भी दिये है ताकि ऐसे मामलों में सजा निर्धारित करते वक्त जज केस के तथ्यों को ध्यान में रखकर फैसला ले सके।आयोग ने कहा है कि

# पाकिस्तान की राह पर कनाडा

प्रेम शर्मा

> "विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा में कनाडा का मुद्दा छाया रहा है। सवाल यह है कि क्या कनाडा दूसरा पाकिस्तान बन गया है ? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए"

**कनाडा** पूरी तरह से अब पाकिस्तान के रास्ते चल रहा है। अगर पाकिस्तान आतंकियों को शरण देकर भारत सहित पूरी दुनिया का दूश्मन बना है तो कनाड़ा खालिस्तानीयों और आतंकियों के लिए पनाह देकर पाकिस्तान की कनाडा राह पर है। पंजाब में जो नौजवान मौजूदा व्यवस्था से नाराज हैं और लंबे वक्त से बेरोजगार हैं, उन्हें खालिस्तान-समर्थक एक खास चिट्ठी देते हैं। उसी के आधार पर उन्हें आसानी से कनाडा का वीजा मिल जाता है। लोकसभा सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने ऐसी चिट्ठी की पुष्टि की है। चिट्ठी लेने वाले 35,000 रुपए से एक लाख रुपए अथवा डेढ़-दो लाख रुपए तक का चंदा पार्टी को देते हैं। कनाडा जाने वाले ऐसे पंजाबियों को वहां प्लंबर, ड्राइवर, सेवादार, मैकेनिक, पाठी और रागी आदि के काम भी दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन खालिस्तान के भारत-विरोधी धंधों में भी उन्हें शामिल किया जाता है। कनाडा में ऐसे 30 गुरुद्वारे बताए जाते हैं, जिनका पूरा नियंत्रण खालिस्तानियों के पास है। भारतीय पंजाब से जाने वाले ऐसे नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक फौज तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। हालांकि भारत की तरफ से उसे कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। ट्रूडो सरकार के हालियॉ बयान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा एक्शन, कनाडा के लोगों के वीजा पर लगाई गई रोक! भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है।अमेरिका दौरे के अंतिम चरण में शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर कनाडा सरकार को ठोस संदेश दिया कि उसे भारत की भौगोलिक अखंडता के खिलाफ काम करने वाले उग्रवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस मुद्दे पर भारत को सलाह देने वाले देशों की तरफ इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा



कि जिस तरह से भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा हुई है और उन्हें धमकी दी गई है, वैसा किसी दूसरे देश के राजनयिकों के साथ होता तो क्या इसी तरह का रवैया अपनाया जाता। उन्होंने कहा, हमारे मिशन पर बम फेंके गए। वाणिज्य दूतावासों के सामने हिंसा हुई और पोस्टर लगाए गए। क्या आप इसे सामान्य मानते हैं? कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य घटना मत बनाइये।विदेश मंत्री ने कहा,कुछ वर्षों से कनाडा सरकार के साथ हमारी समस्या चल रही है। वर्तमान समस्या वास्तव में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा की अनुमति के इर्द-गिर्द घूमती है। यह अनुमति इस तथ्य से भी झलकती है कि कुछ महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण अनुरोधों का कनाडा की ओर से जवाब नहीं दिया गया है। जयशंकर ने साफ किया कि कनाडा के साथ बातचीत करने की संभावना अभी खत्म नहीं हुई है। विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा में कनाडा का मुद्दा छाया रहा है।

सवाल यह है कि क्या कनाडा दूसरा पाकिस्तान बन गया है ? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही सेफ हाउस बना रखा है। करीब 15 आतंकियों को 12 सेफ हाउस में पनाह दी गई है। आजकल कई खालिस्तानी आतंकियों का अंतरराष्ट्रीय बेस पाकिस्तान में ही है। क्या इस संदर्भ में कनाडा-पाकिस्तान साथ-साथ नहीं है ? हालांकि खालिस्तान समर्थक 19 आतंकियों की सूची भी तैयार की गई है, जिनकी पंजाब में संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और उनकी कुर्की भी की जा सकती है।

कनाडा को, अंततः, झुकना ही पड़ेगा, क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री ट्रूडो अपनी कुर्सी बचाए रखने को झूठ बोल रहे हैं। आश्चर्य है कि एक प्रधानमंत्री ऐसे आतंकवादी की पैरवी कैसे कर सकता है, जिसके खिलाफ कई केस पंजाब में दर्ज हैं और जो 1996 में फर्जी पासपोर्ट लेकर कनाडा में घुसा था। हैरानी यह भी है कि ऐसे व्यक्ति को कनाडा का नागरिक कैसे बना दिया गया? क्या कनाडा खुद एक फर्जी देश है ?वैसे देखा जाए तो पाकिस्तान, भारतीयों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता का भी दुश्मन बना हुआ है, क्योंकि आतंकवाद का समर्थन उसकी व्यवस्थित नीति बन चुकी है। भारत में आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदारों को पाकिस्तान डंके की चोट पर पनाह देता रहा है। तथ्य ये भी है कि अल-कायदा का सरगना और 9/11 का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन भी उसी की धरती पर आराम फरमाते हुए मारा गया।

अगर कनाडा का इतिहास और वहां की मौजूदा जस्टिन ट्रूडो सरकार की नीतियों और कारगुजारियों को देखें तो वह भी मानवता के खिलाफ नीतियों में पाकिस्तान वाला ही रवैया अपना रही है। फ्री स्पीच और लोकतंत्र का झुनझुना दिखाकर दुनिया की आंखों में धूल झोंकने की कोशिशें की जा रही हैं। खालिस्तानी आतंकी भारतीय नागरिक के हत्यारे हरदीप सिंह निज्जर के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में जिस तरह से आंसू बहाए हैं, उससे आम भारतीय नागरिकों की जान को लेकर उनकी सोच का खुलासा हो गया है।

निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो सरकार झूठे आरोपोंश्के सहारे कनाडा की जमीन से चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों पर पर्दा डालने की कोशिशों में लगी हुई है; जिसके खिलाफ भारत के पास पुख्ता सबूत हैं। अगर ट्रूडो सरकार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के साथ होती तो खुलेआम भारत को चुनौती देने वाले आतंकवादियों पर लगाम लगाने में कोताही नहीं बरतती। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कुछ दिन पहले ही कनाडा के वैंकूवर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंटों ने भारत-विरोधी एजेंडे को लेकर खालिस्तानी आतंकियों के साथ एक गोपनीय बैठक की है। इस बैठक में सिख फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू भी मौजूद था, जो भारत के खिलाफ आए दिन जहर उगलता रहता है। इस बैठक और ट्रूडो का वहां की संसद में दिए गए बयान की तारीख लगभग आसपास की ही मानी जा रही है। लोगों को याद होगा कि 1985 के विमान बम कांड में 329 लोगों के हत्यारों में अधिकतर कनाडा के नागरिक थे, जो कि लचर जांच प्रक्रिया की वजह से बरी किए जा चुके हैं। भारत के बार-बार आगाह करने के बावजूद मानवता के दुश्मनों के खिलाफ उसकी सहानुभूति पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन सकती है। कनाडा कनाडा की सरकार किसी को राजनयिक शरण देने और आतंकियों को पनाह देने में फर्क करना भूल चुकी है। कनाडा के हुक्कमरानों की इन गलतियों की सजा कनाडा के नागरिकों को भी भुगतनी पड़ सकती है।

## कविता

कर्ज तेरा है मेरे वतन पर
ए बापू गांधी सलाम तुझे
देश पर तेरे बलिदान की

गाथा गाये हमवतन सभी
तेरा है वरदान भारत गण पर
कि सांसे है आजाद सभी
नमन तेरी अहिंसा पर है
और सलाम सादगी को तेरे
अपने उच्च विचारों से तूने
तिरगे को ऊंचा मुकाम दिया
एहसान चुका न पांऊगा तेरा
ए बापू गांधी सलाम तुझे !

शत्रु की हर गुस्ताखी को
हिम्मत से तूने खाक किया
असहयोग और दांडी मार्च से

अंग्रेजों के राज काज को

भारत छोड़ने पर मजबूर किया
अदम्य साहस से वाकिफ हैं
विश्व समस्त के राष्ट्र सभी
अचम्भित है तेरे हाड मॉस से
दुनिया भर के विद्वान सभी
बिन हिंसक आन्दोलन के तेरे का

लोहा सभी अब मान गए
एहसान चुका न पांऊगा तेरा
ए बापू गांधी सलाम तुझे !

मुनीष भाटिया

# गांधी की खादी हो गई सफेद हाथी

आज 2अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती है और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी है।भारत के सर्वमान्य जननेता जिनकी कथनी करनी में कभी कोई अंतर नहीं रहा।सामान्य कद काठी के इस महामानव के कार्य असाधारण रहे ।आज के इस हिंसक वातावरण में जहां असहिष्णुता बढ़ती जा रही हो ,गांधीवाद और अधिक प्रासंगिक है।गांधी विचार और गांधी दर्शन कभी भी अप्रासंगिक हो ही नहीं सकते क्योंकि गांधीवाद जीवनशैली है जो सत्य सनातन और कालजयी है।ऐसा कहा सुना जाता है की युवाओं में गांधी दर्शन और गांधी विचार धारा कम लोकप्रिय हैं,लेकिन यहां मेरी असहमति है।दरअसल जान बूझकर कुछ अतिवादियों द्वारा गांधी दर्शन के विषय में मिथ्या प्रचार प्रसार कर "मजबूरी का नाम महात्मा गांधी बताया जाता रहा है।" इन सबके बावजूद महात्मा गांधी भारतीयों के लोकमानस में जनचेतना में रचे हैं बसे हैं।गांधीवाद क्यों अप्रासंगिक नहीं हो सकता है वजह स्पष्ट है कि गांधी जी ने पूरे भारत को करीब से देखा सुना और महसूस किया है, ओके कासन को देखकर सूट बूट त्याग कर धोती धारण कर ने वाले गांधीजी जिन्होंने पग पूरे भारत को नापा है,लोक जन मन को समझा है ।तभी तो अहिंसा शक्तिशाली का शस्त्र है।गांधी जी की रामराज्य की अवधारणा चिरस्थाई है ।राजनैतिक सत्ताओ की रहीशियों ने जरूर गांधीजी के नाम पर वोटों की खूब फसलें काटी लेकिन गांधीजी के नाम पर सिर्फ भवन, स्मारक और मूर्तियां ही लगाई।सबसे बड़ी भूल गांधीजी की खादी को भुलाने की की गई।

खादी आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन आज खादी "सफेद हाथी" बन गई है ,गांधी जयंती के अवसर पर भले सरकारों द्वारा खादी पर विशेष छूट का प्रावधान किया जाता है लेकिन शेष वर्ष भर भुला दिया जाता है।होना यह चाहिए था की समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सभी शासकीय कार्यालयों में खादी के वस्त्र अनिवार्य होते, खादी की कताई बुनाई भारत के सभी विद्यार्थियों हेतु अपरिहार्य और अनिवार्य होना चाहिए था ,लेकिन ऐसा हो नहीं पाया ।मेरी पीढ़ी के लोगों ने तो इस हाड़ मांस के सामान्य कद काठी के महामानव को भारत में चलते नहीं देखा लेकिन सरकारों ने भी आम जन युवाओं को गांधी दर्शन गांधी विचार का चिंतन मनन करने का सुअवसर भी नहीं दिया ।इस संसार में तीन सबसे बड़ी उपाधियां हैं,वीर,शहीद,और संत की इस अहिंसा के पुजारी को शांति के अग्रदूत को निर्विवाद रूप से तीनों उपाधियां दी गई हैं।गांधी और शांति एक दूसरे के पूरक हैं और आज विश्व की मानवता को अगर सबसे ज्यादा जरूरत है तो "शांति" की और उसके लिए "गांधी दर्शन" की ,"गांधी विचार" की ,"गांधी साहित्य" की।"

रामराज्य"कभी भी वैर भाव ,काटानाशी, खून खराबा ,साम्राज्यवाद के कुत्सित भाव से नहीं आएगा उसके लिए गांधी को पढ़ना होगा गण गण में गुण विकसित हो, कण कण से कायरता भागे। मन मन में भद्र भाव उमगे, जन जन में नैतिकता जागे ।समता स्वतंत्रता के बंधु भाव से गूंज उठे पृथ्वी सारी,यह लोक सत्य सुंदर हो मानवता मंगलकारी।*

## विचार

# सहजता,सरलता और इमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री

**संजीव**

**आज** की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में एक ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि" यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा", भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश का दूसरा प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आरहा जातिसूचक शब्द "श्रीवास्तव" हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था। इसके उपरांत अपने को देश की सेवा में न्योछावर कर दिया। अपना पूरा बचपन संघर्षों से गुजारने के बाद शास्त्री जी एक तपे हुए इमानदार राजनेता की तरह उभरे।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन मैं हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से शुभोषित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी । प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था। अपनी ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा सूझ बुझ और निर्भीकता से लाल बहादुर शास्त्री ने कार्यकाल में देश में आई अनेक गंभीर समस्याओं का सरलता से समाधान भी किया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बच्चों में कैंसर जानलेवा हो उसके पहले ही मात देना होगी

**मनमोहन प्रकाश**

**यह** हमारा सौभाग्य है कि हम सब वैज्ञानिक युग में जीवन यापन कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने जीवन को जहां एक ओर सरस,सरल, और आराम दायक बनाया है वहीं चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति कर रोगों की पहचान को सटीक और इलाज को कारगर बनाया है। रोगों से होने वाली मृत्यु दर को बहुत कम किया है। इंसान की औसत आयु को बहुत बढ़ाया है। पिछले दशकों में जो रोग असाध्य थे उन्हें साध्य बनाया है। जटिल से जटिल लाइलाज बीमारी का भी इलाज संभव किया है। अब तो भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र,ई-संजीवनी राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सर्विस जैसी कई योजनाएं गरीबों को इलाज में मदद कर रही हैं।इसी तर्ज पर राज्य सरकारों की भी स्वास्थ्य संबंधी कई योजनाएं प्रचलन में हैं। आज आवश्यकता है इन योजनाओं की जानकारी रखना और उसका लाभ उठाना। समाज में कैंसर रोग को असाध्य, कष्टप्रद माना जाता रहा है।यह एक ऐसी बीमारी है जिसकी पहचान होते ही मरीज के साथ उसका पूरा परिवार मरीज की सांसें गिनने लग जाता है, परिजनों की नींद उड़ जाती है ऊपर से महंगे और लंबे चलने वाले इलाज के कारण आर्थिक चिंता एवं मानसिक पीड़ा सताने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि मरीज में आत्म बल, सकारात्मक सोच,रोग को मात देने की प्रबल इच्छा शक्ति,सही समय पर सही ईलाज, चिकित्सक के निदेर्शों का पूरे विश्वास से पालन तथा परिजनों का सहयोग किसी भी जटिल से जटिल रोग को मात देने के लिए बहुत जरूरी हैं। मरीज को और उसके परिजनों को यह भी समझना आवश्यक है कि चिकित्सा विज्ञान ने बहुत से रोगों को साध्य बनाया है। उसमें कैंसर भी शामिल है। वैसे तो कैंसर के प्रकरण सभी उम्र और लिंग में देखने को मिल रहे हैं किन्तु चिंता का विषय यह है कि यह रोग बच्चों को न सिर्फ शिकार बना रहा है अपितु रोगी को घातक स्थितियों में पहुँचा रहा है। इस रोग से होने वाली मृत्यु दर का आंकड़ा भी चिंता का विषय बना हुआ है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में 15 वर्षों से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मृत्यु दर के लिहाज से दुर्घटना के बाद कैंसर दूसरे स्थान पर है।

जबकि 15 से 19 वर्षों के युवाओं

# तीन बंदर और हम

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सुन बेटा!** कल वर्मा अंकल आने वाले हैं। जल्दी से जाकर ब्लैक डॉग ले आ। उनके आवभगत में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने ही तेरा कॉलेज में एडमिशन करवाया था। तेरे अंक देखकर तो सरकारी कॉलेजों ने भी हाथ जोड़ लिए थे। वह तो भला हो वर्मा अंकल का जिन्होंने अपने जोड़-तोड़ से तेरा भला कर दिया। पत्नी बीच में बोल उठी किस वर्मा जी की बात कर रहे हैं? वही न जिन्होंने पिछले साल अपनी पत्नी को जला दिया था या कोई और। वैसे जो भी हों आप उन्हें कल क्यों बुला रहे हैं? बड़ी मुश्किल से एक छुट्टी का दिन मिलता है। वह भी आपकी वजह से बेकार जाने वाला है। फेशियल करवाएँ बहुत दिए हो गए। सोचा मिसेज शर्मा से करवा लूँ। आप तीन-चार दिन पहले बता देते तो फेशियल का प्रोग्राम बदल लेती न! अरे भाग्यवान! भूल गई जिनके हेयर स्टाइल और चश्मे को देखकर गांधी-गांधी कहती हो वही तो हैं वर्मा जी। अब मैं उन्हें कल नहीं बुलाऊंगा तो वर्किंग डे के दिन बुलाऊँगा। इसी महीने हमने मनाली जाने की भी योजना बनाई है न! फिर उन दिनों के लिए छुट्टियाँ कहाँ से लाऊँगा? वैसे भी छुट्टी के दिन मैं ऐसे लोगों को निपटा देना चाहिए। आगे उनसे बहुत काम है। अगर खातिरदारी नहीं करेंगे तो हमारे गधे जैसे बच्चों का बेड़ा कौन पार लगाएगा? इतना कहते हुए पिता बेटे से कहने लगे, अच्छा एक और चीज। एक किलो मटन और एक किलो चिकन भी ले आना। साथ में उनका पसंदीदा गुटखा और सिगरेट की डिबिया ले आना मत भूलना। बेटा बाजार चला गया। इधर पत्नी से कहने लगे, वर्मा को शराब के साथ चटकारे लेते हुए कबाब और चिकन पकौड़े खाने का बड़ा शौक है। तुम अपने हाथों से बना देना। मैं उनसे कह दूंगा कि होटल से मंगवाया हूँ। वह मेरी हर बात मानते हैं। देखो भाग्यवान कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। तभी बिटिया बीच में बोल उठी, पापा कल मैं अपनी सहेली के पास जाकर गणित का अभ्यास करना चाहती हूँ। वह बहुत अच्छा समझाती है। पिता ने आव देखा न ताव एक जोरदार तमाचा जड़ते हुए कहा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है। जो पढ़ रही हो उतना काफी है। पढ़-लिखकर कौन-सा तुम्हें कलेक्टर बनना है।

## न्यूज फ्लैश

### राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने सैन चौक से निकाली प्रभात फेरी



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन नारनौल की ओर से हर रविवार को निकाली जाने वाली 37वी प्रभात फेरी शिव मंदिर बगीची नजदीक सैन चौक से ठीक प्रातः 6:30 बजे आरंभ हुई । बगीची में सकट नारायणपुर अलवर से पधारे कथावाचक साई राम महाराज के द्वारा प्रांगण में 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत प्रभात फेरी के साथ-साथ कलश यात्रा व निशान यात्रा भी निकाली गई । मौहल्ला पुरानी सराय, नई सराय व जमालपुर के निवासियों ने प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ राधा रानी का गुणगान किया। संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रभात फेरी में प्रभात काल में राधा नाम जपने से मन शांत होता है और चिंताओं से राहत मिलती है। यह जप एकाग्रता को बढ़ाता है और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। राधा नाम के जप के द्वारा, मन को चिंताओं और तनाव से मुक्त किया जा सकता है। श्री राधा संकीर्तन रथ के साथ अनेक वाद्य यंत्र बजाते हुए परिक्रमा मार्ग में राम सिंह सैनी प्रधान चौक पर फूल बर्षा व आतिशबाजी के साथ ठाकुर जी व भागवत जी का भव्य स्वागत व आरती हुई। परिक्रमा देते हुए सती माता मंदिर नई सराय व अनेक स्थानों पर आरती हुई तथा प्रसाद वितरित किया गया।

### छावनी में रोटरी क्लब द्वारा गांधी जयंती पर निकाली रैली



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** रोटरी इंटरनेशनल क्लब इंडस्ट्रियल एरिया अंबाला कैंट ने महात्मा गांधी के जन्मदिन पर स्वच्छ भारत का जश्न मनाने के लिए लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में रैली का आयोजन किया। अध्यक्ष रोटेरियन राज कुमार शर्मा, ओम बनमाली और अनिल सहगल ने स्कूल के खेल मैदान से रैली को सुभाष पार्क की ओर रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में स्कूल की प्रिंसिपल विभा महाजन और शिक्षक उपस्थित थे और लगभग 200 छात्र रैली में भाग लेते हैं। रैली में छात्रों ने "एक नया सवेरा आएगा, पूरा भारत स्वच्छ और सुंदर बनेगा" ह्लबप्पू का घर-घर पहुंचे संदेश, सुंदर, स्वच्छ हो अपना भारत " का बैनर पकड़ रखा था। अध्यक्ष रोटेरियन राज कुमार शर्मा ने गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर इतना अच्छा आयोजन करने के लिए स्कूल प्रबंधन और छात्रों को धन्यवाद दिया।

### एजिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** डायग्नोस्टिक सेवा प्रदाता एजिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड ("कंपनी") ने बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 प्रति शेयर) की इनिशियल पब्लिक ऑफर (प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश - "आईपीओ") के जरिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में मौजूदा शेयरहोल्डर द्वारा बेचे जा रहे 14,233,964 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी प्रयोगशालाओं की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक्स सेवा प्रदाता है और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए, भारत में परिचालन से दर्ज आय (रेवेन्यू) के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)। शेयरधारकों की ऑफर फॉर सेल में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन एल के 2,985,075 इक्विटी शेयर, एनवाईएलआईएम जैकब बैलास इंडिया फंड एलएलसी के 7,462,700 इक्विटी शेयर और रिसर्जेंस पीई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के 3,786,189 इक्विटी शेयर शामिल हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिये पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# घर-घर तक पहुंच रही है आम आदमी पार्टी की नीतियां : सुखबीर




**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन आम आदमी** पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं । अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 35 गांव और 42 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की गावँ कुटनी भैसवाल उग्रखेड़ी मे डोर टू डोर कैंपेन किया हल्का पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी के मूलभूत सुविधाओं पर बारीकी से चर्चा कर रहे हैं। चर्चा हर घर मे बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर मे स्वास्थ्य परिवार महिला सुरक्षा एवं बेरोजगारी पर रही। मूलभूत सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उपलब्ध होगी गावँ कुटनी भैंसवाल उग्रखेड़ी की जनता में एक अद्भुत उत्साह दिखा ।सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी। हर घर में बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य मैं होनी चाहिए जिस पर जनता ने सहमति जताई। 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना तय ये पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई। इस मौके पर प्रदेश जॉइंट्स सेक्रेटरी रउ राज कुमार मुंडे प्यारेलाल गुप्ता राजेंद्र राठी वरिंदर आर्य मुकेश शर्मा राजवीर सिंह बहुत से अन्य साथी शामिल हुए।

## 8 को होगा राज्य स्तरीय सिकलीगर सिख महासम्मेलन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सिकलीगर सिख सेवा फाउंडेशन हरियाणा की एक अहम बैठक गुरुद्वारा साहिब गुरु तेग बहादुर मेमोरियल जीटी रोड राई विशवांमील में हुई। जिसमें 8 अक्टूबर 2023 को राज्य स्तरीय सिकलीगर सिख महासम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिकलीगर सिख सेवा फाउंडेशन हरियाणा के प्रधान दारा सिंह महासचिव कुलदीप सिंह जीन्द सह सचिव जितेंद्र सिंह खरखोदा कोषाध्यक्ष अशोक सिंह बडौदा मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह धर्म-प्रचारः- प्रकाश सिंह फिरोजपुर धनपत सिंह किसोरा आशा सिंह डांगी, कुलदीप सिंह,मदन सिंह मौजुद रहे।

## सीवाईएसएस ने दी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विद्यार्थियों पर मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभाव डालने पर तुला है, जो विद्यार्थी पुनः मूल्यांकन के लिए फॉर्म भरते हैं, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उनका रिजल्ट उस टाइम घोषित करता है जब विद्यार्थी री-अपीयर का फॉर्म भर देते हैं, यहां तक की री-अपीयर का पेपर भी दे देते हैं, तब पुनः मूल्यांकन (फी -ए५'४३ङ्ख्ल्ल) का रिजल्ट आता है ।2-3 महीने में, जिसकी वजह से विद्यार्थियों पर मानसिक और आर्थिक रूप से दवाब पड़ रहा है, क्योंकि पहले तो विद्यार्थी पुनः मूल्यांकन का फॉर्म भरते है, रिजल्ट ना आने की वजह से फिर री-अपीयर का भी भरना पड़ता है । इसलिए हमारी ये मांग है कि पुनः मूल्यांकन (फी-ए५'४३ङ्ख्ल्ल) का रिजल्ट फॉर्म भरने के 15 दिन बाद जारी किया जाए और बुधवार तक इसका नोटिस जारी किया जाए अन्यथा सीवाईएसएस एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी, जिसका जिम्मेवार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन होगा । भारत बराड़ ने कहा कि रिजल्ट ब्रांच खुलने का समय 11की बजाय 10:00 बजे किया जाए, ताकि जो विद्यार्थी दूर-दूर से आते हैं उनको परेशानी का सामना ना करना पड़े और री-अपीयर और पुनः मूल्यांकन के फॉर्म भरने की बढ़ाई हुई फीस को वापस लिया जाए ताकि विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ ना पडे।

## जीटी पर सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ी से बैट्री चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित महाराजा ढाबे के पास सर्विस रोड पर गाड़ी में सो रहे व्यक्ति की गाड़ी से बैट्री चोरी हो गई। मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बवानी खेड़ा, भिवानी निवासी बिजेंद्र ने बताया कि वह जीटी रोड स्थित कनक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका था। उसने खाना खाकर अपनी गाड़ी की सर्विस रोड पर खड़ा कर दिया उसके बाद गाड़ी में आकर सो गया। अगली सुबह उठा और गाड़ी स्टार्ट की तो गाड़ी स्टार्ट नही हुई। उसने चेक किया तो गाड़ी से उसकी बैट्री चोरी थी। उसने अपने स्तर पर पता किया, लेकिन पता नही चला। गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## 471वां रक्तदान शिविर और नारी शक्ति का किया सम्मान



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत व महामहिम राज्यपाल से अनेक बार सम्मानित हो चुके पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 471 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए नारी शक्ति कंचन, कमलेश और अंजलि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में समाजसेवी, शिक्षक एवं रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश एवं अंजलि मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रक्त कोष अधिकारी डॉ. रमा द्वारा रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि भारतेन्दु हरीश ने कहा कि रक्तदान पुण्य के साथ साथ सेवा का कार्य है जिससे रक्तदाता के साथ साथ रक्त की आपूर्ति में विशेष योगदान रहता है। सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज का दिन रक्तदान के लिए विशेष महत्व रखता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर में इन्होने किया रक्तदान- जसविंद्र सिंह, मनदीप सिंह, डॉ. अरुण कुमार, अशोक कुमार, सेठ पाल, सुमित कुमार, मोहित कुमार, कपिल, प्रवीण पॉल, सुरेंद्र कुमार, दविन्द्र कुमार, प्रवीण, राकेश शर्मा, निकुंज, प्रशांत, अक्षय आदि को रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया।

# साइबर क्राइम जागरूकता माह का नारनौल क्षेत्र में हुआ शुभारंभ

### बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को किया जागरूक, मार्केट क्षेत्र में निकाली पैदल रैली



**टीम एक्शन इंडिया/ शर्मा नारनौल**
पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा कि एडीजीपी ओपी सिंह की ओर से जारी निर्देशानुसार आमजन को साइबर क्राइम की घटनाओं से बचाने व ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अक्टूबर महीने को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिला में अभियान की शुरूआत साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा की गई है। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए हैं कि साइबर क्राइम से पीड़ित व्यक्ति की तुरंत हर संभव सहायता करने के साथ ही साइबर क्राइम के संबध में बरती जाने वाली सावधानियों बारे विशेष रूप से जागरूक करें। साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। थाना के प्रवेश द्वार सहित सार्वजिन स्थानों पर हेल्प लाइन नंबर व हेल्प लाइन पोर्टल अंकित पंपलेट लगवाएं। इस अभियान के तहत पूरे महीने भर जिला पुलिस हर दिन साइबर राहगीरी, अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से साइबर हेल्प डेस्क के पुलिस कर्मचारी आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करेंगे और साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताएंगे। इस दौरान आमजन को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। अभियान के तहत चाइनीज लोन एप, सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर फर्जी विज्ञापन, सेक्सटोर्शन या फिर सोशल मीडिया के जरिए हो रही ठगी की वारदातों से बचाव के लिए टिप्स दिए जाएंगे। हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए अक्टूबर माह साइबर जागरूकता माह के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज साइबर पुलिस थाना नारनौल की पुलिस टीम ने बस स्टैंड नारनौल पर कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया।

**साईबर क्राईम**

8 जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अक्टूबर महीने को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा

## मारुति सुजुकी ने जीएमडीए के साथ मिलाया हाथ



**गुरुग्राम। देश** की अग्रणी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने एक नया साझेदारी मॉडल विकसित करने के लिए डिजिटल इंजीनियरिंग से जुड़ी कंपनी नगारो और गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी के साथ हाथ मिलाया है। यह मॉडल सुरक्षित और समावेशी सड़कों के निर्माण के लिए निजी संगठनों और सरकारी निकायों को साथ लाने का प्रयास करेगा । इस अवसर पर, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के, कॉपोर्रेट अफेयर्स के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, राहुल भारती ने कहा, हम सनथ रोड के पुनर्विकास की इस प्रासंगिक पहल के लिए गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी और नागारो के साथ साझेदारी करके खुश हैं। मारुति सुजुकी की उपस्थिति ने हरियाणा राज्य में अत्यधिक आर्थिक विकास और समृद्धि की शुरूआत की है। साथ ही, हम इस बात के प्रति संवेदनशील और सचेत हैं कि औद्योगिक गतिविधि स्थानीय समुदायों के लिए अनुकूल होनी चाहिए। इस मार्गदर्शक सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, पिछले कुछ वर्षों में, हमने अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने वाला एक स्थायी मॉडल बनाया है। यह पहल विशेष रूप से हमारे प्रयासों को आगे बढ़ाती है।

## आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड ने बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 2400 मिलियन तक के फ्रेश इश्यू और 2 अंकित मूल्य वाले कुल 5000 मिलियन के इक्विटी शेयर्स का ऑफर फॉर सेल शामिल है। बिक्री के प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) में राकेश चोपदार के 1700 मिलियन तक के इक्विटी शेयर, पीरामल स्ट्रक्चर्ड क्रेडिट अपॉर्चुनिटीज फंड के ?2,800 मिलियन तक के इक्विटी शेयर और डीएमआई फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के 500 मिलियन तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी ने प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी के पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व-भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव किया है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड और आनंद राठी एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने आर्य समाज प्रभात फेरी



**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर-15 के 24वें वार्षिक यज्ञोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर-15 में प्रभात फेरी निकाली गई। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अपने निवास स्थान पर प्रभात फेरी का फूलमालाओं व पुष्पवर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने स्वागत के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्य समाज का विश्व को श्रेष्ठ बनाने में अतुल्यनीय योगदान है। देश व समाज आर्य समाज के योगदान को कभी भी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि समाज को नई दिशा देने में आज भी आर्य समाज लगातार प्रयासरत्त है। आर्य समाज न सिर्फ हमारे समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज के उत्थान में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है। विधायक निवास पर प्रभात फेरी में शामिल युवाओं ने अदभुत व्यायाम प्रदर्शन किया। तालियों के गड़गड़ाहट से व्यायामकताओं का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक निवास के उपरांत सेक्टर-15 की विभिन्न गलियों से प्रभात फेरी गुजरी व यज्ञोत्सव के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान आचार्य संदीप, अमित आर्य, ललित पंवार, अभिषेक आर्य, दीनदयाल, माता राज गुलाटी, जगदीश कुकरेजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अग्रणी संस्था ने गोल्ड मेडलिस्ट रिद्धिमा यादव को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के द्वारा ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल विजेता रिद्धिमा यादव सुपुत्री जितेंद्र यादव को किया गया सम्मानित ।आज की कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर शिव कुमार ने की ।मुख्य अतिथि राकेश यादव चेयरमैन यू एस एस एल एके-डमी रहे।मुख्य अतिथि ने बच्ची को आशिर्वाद देते हुवे बताया की बच्ची ने पूरे जिले का नाम रोशन किया ।इसके लिय मेरी तरफ से पूरे परिवार को बधाई देता हूं।बच्ची ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार ,समाज,अपने शहर,जिले महेंद्रगढ़ का नाम ऊंचा एवम नाम रोशन किया ।राजेश यादव उर्फ बंटी ठेकेदार ने भी बच्ची रिद्धिमा को बधाई देते हुवे बताया की हमारा सीना गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है जब ऐसे बच्चे जो अपने मोहल्ले शहर एवम जिले का नाम रोशन करते है। संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया की नारनौल में जब जब कोई भी बच्चा ऐसे हमारे शहर का नाम रोशन करता है तो उनको इसी तरह से सम्मानित करते रहेंगे ।संदीप जैन ने बताया की संस्था जल्दी ही अनेकों बच्चो को सम्मानित करेगी जिन्होंने अलग अलग तरह से नारनौल का नाम रोशन किया है।आज के इस कार्यक्रम में मनीष गोगिया ,राकेश यादव ,डॉक्टर शिव कुमार,संदीप जैन ,गीता यादव,अनिल शर्मा,जितेंद्र यादव,विपीन बहल,मंगल चंद रहीश,रेणु यादव,विमला देवी,रेशम देवी,पूजा देवी,गीता देवी,प्रियंका जांगिड़,जीतू सैनी,महेंद्र यादव,राजेश यादव,डॉक्टर कृष्ण,तुषार यादव, रिद्धि सिद्धि,रोहतास बोहरा जी,सुंदर यादव,सुरेश यादव, इत्यादि सम्मानित लोगो की उपस्थिति रही।

**सम्मान**

8 जब कोई भी बच्चा ऐसे हमारे शहर का नाम रोशन करता है तो उनको इसी तरह से सम्मानित करते रहेंगे

# भारत रक्षा मंच के युवा इकाई की बैठक का किया गया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारत** रक्षा मंच हरियाणा प्रदेश के युवा मंच की प्रदेश इकाई की बैठक का आयोजन शंभू दयाल स्कूल सोनीपत में किया गया. भारत रक्षा मंच युवा के प्रदेश अध्यक्ष आकाश त्यागी ने बताया कि युवाओ को भारत रक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया. आकाश त्यागी ने बताया कि बैठक की मुख्य अतिथि के तौर पर भारत रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमांडेंट रोहतास कुमार गुप्ता उपस्थित थे, अपने संबोधन में रोहतास कुमार गुप्ता ने भारत रक्षा मंच की विचारधारा व कार्यों के बारे में बताया. भारत रक्षा मंच सोनीपत के संरक्षक संजय सिंगला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. भारत रक्षा मंच के युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष आकाश त्यागी ने बताया रक्षा मंच सोनीपत के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बैठक को संबोधित किया व सोनीपत जिले की आगामी रूपरेखा की जानकारी दी. भारत रक्षा मंच ने मेडिकल कैम्प में योगदान देने के लिए सिग्नेस अस्पताल की टीम व रोटरी ब्लड बैंक की टीम को पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.
इस अवसर पर भारत रक्षा मंच के संरक्षक संजय सिंगला, वाई के त्यागी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बलराज वसिष्ठ, प्रदेश मीडिया प्रमुख एस पी भारद्वाज, युवा प्रदेश अध्यक्ष आकाश त्यागी, आशीष शर्मा, मनीष बंसल आदि उपस्थित थे

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# "मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूँगा, जिसमें गरीब से गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे कि यह उनका देश है- जिसके निर्माण में उनकी आवाज़ का महत्व है"

- महात्मा गाँधी


# गाँधी जयंती
## 2 अक्टूबर



DIP/Shabdarth/Display/0071/23-24

"गाँधी जी का सपना था, एक ऐसा देश, जहाँ हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर बीमार को अच्छा इलाज मिले, सभी धर्म और जातियों के लोग भाईचारे से रहें. हम गाँधी जी के इन सपनों को सच करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं"

– अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली



सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार